Chapter- 1

भाषा और व्याकरण

STUDY NOTES

- भाषा – भाषा वह साधन है जिसके द्वारा हम अपने भावों और विचारों को एक – दूसरे तक पहुँचाते हैं ।
- भाषा के दो रूप हैं ।
- मौखिक भाषा और लिखित भाषा
- भाषा के चार कौशल होते हैं –



- वह भाषा, जो एक राष्ट्र (देश) के अधिकतर नागरिकों के द्वारा प्रयोग की जाती है राष्ट्रभाषा कहलाती है ।
- वह भाषा जिसका प्रयोग देश के सरकारी तथा गैर- सरकारी दफतरों में काम –काज के लिए होता है ।
- हिंदी भारत की राजभाषा है ।
- भाषा का मौखिक रूप जो बहुत छोटे क्षेत्रों में बोली जाती है उसे बोली कहते है ।
- भारत के संविधान में २२ (बाईस) भाषाओं को मान्यता प्राप्त है ।
- भाषा के लिखित रूप को लिपि कहते हैं ।
- भारत में प्रतिवर्ष १४ सितंबर का दिन हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है ।
- १० जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है ।
- भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान कराने वालें शास्त्र को व्याकरण कहते हैं ।

शिक्षण प्रतिफल –

भाषा संबंधीय जानकारी प्राप्त होना ।

१. रिक्त स्थान भरिए –

क) भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा के रूप में १४ सिंतबर को स्वीकार किया गया ।

ख) प्रतिवर्ष हिंदी दिवस १४ सितंबर को मनाया जाता है ।

ग) हमारे संविधान में २२ भाषाएँ स्वीकृत हैं ।

घ) संस्कृत भाषा की लिपि देवनागरी है ।

ङ) पत्र भाषा का लिखित रूप है ।

२. निम्नलिखित कथनों के सामने (✓) अथवा गलत (✗) का चिह्न लगाइए -

क) उर्दू भाषा की लिपि देवनागरी है । (✗)

ख) बोली का क्षेत्र भाषा की तुलना में छोटा होता है । (✓)

ग) लिपि में साहित्य लिखा जाता है । (✓)

घ) व्याकरण हमें भाषा को शुद्ध रूप से बोलना, पढना एवं लिखना सिखाता है । (✓)

३. भाषा के कितने रूप होते हैं ? उनके नाम लिखिए ।

भाषा के दो रूप हैं । लिखित और मौखिक

४. भारतीय संविधान में मान्यताप्राप्त किन्हीं छह भाषाओं के नाम लिखिए –

हिंदी	पंजाबी	नेपाली
बांगला	असमिया	ओडिआ

***

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow